सतना | गुरुवार | 22 जनवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 141 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




## एक नजर में



### युवाओं ने कश्मीर में प्राण न्योछावर किए : शाह

**ऋषिकेश/हरिद्वार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गीता प्रेस की 'कल्याण' पत्रिका के 100 साल पूरे होने पर इसके सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति में अतुलनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने 35 से ज्यादा तीर्थों के पुनर्जागरण पर जोर दिया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पत्रिका समाज को संस्कारों से जोड़ रही है और उत्तराखंड के युवाओं ने कश्मीर की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'कल्याण' पत्रिका के 100 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में इसके अतुलनीय योगदान की सराहना की।

### पाक अकाउंट से वायरल वीडियो को बताया फर्जी

**नई दिल्ली.** सरकार ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर आधारित सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है जिसमें दावा किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और चीन द्वारा इस्तेमाल की गई प्रौद्योगिकी तक पहुंचने में भारत को कम से कम 50 साल लगेंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने बुधवार को एक फैक्ट चेक पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख से जुड़ा एक डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया वीडियो सामने आया है।

### स्वदेशी तोपों से देंगे राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

**नयी दिल्ली.** गणतंत्र दिवस समारोह में सेना की 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) राष्ट्रीय ध्वज को 21 तोपों की पारंपरिक सलामी देगी। समारोह के दौरान यह आर्टिलरी बैटरी देश में ही बनी 105 मिमी लाइट फील्ड तोपों से फायरिंग कर सलामी देगी।

### अवैध हथियार नेटवर्क को किया ध्वस्त, 2 गिरफ्तार

**अमृतसर.** पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है.

# ऊर्जा क्षेत्र में होगा निवेश

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने दावोस में राउंड टेबल मीटिंग में लिया हिस्सा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में शामिल होने पहुंचे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डी-रीस्किंग द ग्रीन लीप: सब नेशनल ब्लू प्रिंट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजीशन, विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल मीटिंग में भागीदारी की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की ऊर्जा यात्रा में नवकरणीय ऊर्जा की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला.**



उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा मप्र के समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन को प्रेरणा बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर मप्र ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है. उन्होंने बताया कि अन्तर्राज्यीय सहयोग और बेहतर समन्वय से राज्य में बिजली और जल आपूर्ति में स्थिरता आई है. इससे आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योगों को भी लाभ मिला है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी. उन्होंने श्रम, भूमि और ऊर्जा के बेहतर समन्वय से स्वच्छ ऊर्जा में जोखिम कम करने के मप्र मॉडल को उल्लेखनीय बताया और प्रौद्योगिकी निवेश और ब्लेंडेड फाइनेंस पर ज़ोर दिया मीटिंग में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये एक ड्रॉफ्ट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया. राउण्ड टेबल मीटिंग के समापन-सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी के हरित ऊर्जा विजन को साझा किया. उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नीति स्थिरता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी.

### विदेश में मप्र की ऊर्जा नीति की हुई सराहना

इंडोनेशिया के ईस्ट जावा प्रांत के उप-राज्यपाल श्री एमिल एलेस्टियान्तो डार्डक ने कहा कि उप-राष्ट्रीय सरकारें भी राष्ट्रीय नीतियों में परिवर्तन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं. उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की प्रगतिशील नीतियों की सराहना की. राउंड टेबल मीटिंग में प्रतिभागियों में वैश्विक और घरेलू कंपनियों के कॉरपोरेट प्रतिनिधि और निवेशक शामिल थे.

# एक्शन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन

## पदाधिकारियों व प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक, विस चुनावों पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली, 21 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी राजनीतिक कार्यक्रम, चुनावी तैयारियों और केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर व्यापक चर्चा हुई.**



बैठक ऐसे समय में हुई है जब संगठन पर्व के बाद पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को प्राथमिकता दी है. बैठक में संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, दुष्यंत गौतम, तरुण चुग, सीटी रवि, राधा मोहन दास अग्रवाल सहित कई शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहे. विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों ने अपने-अपने राज्यों की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मजबूती और चुनौतियों की जानकारी दी. श्री नवीन ने कहा कि भाजपा की असली ताकत अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं. उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और केंद्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया.

बैठक में संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा की गई. साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी रणनीति, क्षेत्रीय मुद्दों, विपक्ष की रणनीतियों और डिजिटल मंचों पर पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर भी चर्चा हुई. श्री नवीन ने सभी पदाधिकारियों से संगठनात्मक अनुशासन, एकजुट संदेश और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया.

### चुनाव प्रभारी नियुक्ति

पार्टी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे को सह-चुनाव प्रभारी नियुक्त किया. ग्रेटर बेंगलुरु महानगर निगम चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राममाधव को चुनाव प्रभारी तथा सतीश पुनिया और संजय उपाध्याय को सह-चुनाव प्रभारी बनाया गया. चंडीगढ़ के मेयर चुनाव के लिए विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया.

## गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली समेत प्रमुख शहर 'हाई अलर्ट'

**नयी दिल्ली, 21 जनवरी . गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से संभावित खतरों के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' जारी किया है. अलर्ट के मुताबिक दिल्ली और देश में कई अन्य प्रमुख शहर संभावित निशाने पर हो सकते हैं.**

इस इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है. खुफिया सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर कथित तौर पर खालिस्तानी और अन्य कट्टरपंथी विदेशी आकाओं के लिए 'फुट सोल्जर' के रूप में काम कर रहे हैं.

आरोप है कि विदेश में बैठे ये आका देश की आंतरिक सुरक्षा को बिगाड़ने और अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए इन आपराधिक नेटवर्कों का इस्तेमाल कर रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के साथ मिलकर भारत में बड़े हमले करने की योजना बनाई है.

## प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग विमान तालाब में गिरा

**प्रयागराज, 21 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनिंग माइक्रोलाइट विमान उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होकर शहर के बीचों-बीच स्थित तालाब में जा गिरा। तेज धमाके जैसी आवाज से आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि कॉलेज के छात्रों और स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यह हादसा प्रयागराज के केपी कॉलेज के पीछे स्थित तालाब में हुआ.

# ग्रीनलैंड पर बल का प्रयोग नहीं करूंगा

**दावोस, 21 जनवरी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिये बल का प्रयोग नहीं करेंगे, लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं तो अमेरिका को कोई रोक नहीं पायेगा.**




ट्रंप ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपनी 70 मिनट की स्पीच में ग्रीनलैंड पर कब्ज़ा करने के उनके इरादे और इस मुद्दे को लेकर यूरोपीय संघ के साथ उनके मतभेद पर रोशनी डाली. उन्होंने अपने भाषण में कई बार ग्रीनलैंड को आइसलैंड कहकर भी संबोधित किया. ट्रंप ने यूरोप और अन्य देशों को अपनी नीतियों से सीखने की चेतावनी भी दी। ट्रंप ने कहा कि उन्हें यूरोप से प्यार है, लेकिन वह सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा। उनका कहना था कि यूरोप के कुछ हिस्से अब अपनी पहचान खो चुके हैं और वहां की मास माइग्रेशन नीतियों के दुष्परिणाम सामने आने वाले हैं। ट्रंप ने यूरोपीय यूनियन को अपनी सरकार से सीख लेने की सलाह दी और कहा कि अमेरिका ने अपने बदलावों से देश को आर्थिक रूप से मजबूत किया है।

**कैबिनेट बैठक** | प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक

# सिडबी को 5,000 करोड़ की सहायता

**नयी दिल्ली 21 जनवरी. सरकार ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) को 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता देने का निर्णय लिया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गयी.**



सरकार ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी वित्तीय सेवा विभाग द्वारा सिडबी में तीन चरणों में निवेश की जाएगी. इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश 31.03.2025 के बुक वैल्यू पर प्रति शेयर 568.65 रुपये किया जाएगा. इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 में क्रमशः 1,000 करोड़ रुपये, 1,000 करोड़ रुपये की राशि संबंधित पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की 31 मार्च की बुक वैल्यू पर निवेश की जाएगी. इससे 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी निवेश के बाद वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले लघु इकाइयों (एमएसएमई) की संख्या वित्तीय वर्ष 2025 के अंत में 76.26 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2028 के अंत तक 102 लाख (अर्थात लगभग 25.74 लाख नए एमएसएमई लाभार्थी जोड़े जाएंगे) होने की उम्मीद है.

### अटल पेंशन योजना 31 तक रहेगी जारी

**नयी दिल्ली,21 जनवरी.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने को मंज़ूरी दे दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई.

